The Speaker on behalf of the House, congratulated Ms. Manu Bhaker on winning Bronze Medal in 10 Meter Air Pistol Shooting competition in Paris Olympics on 28th July, 2024

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, दिनांक 28 जुलाई, 2024 को पेरिस ओलंपिक्स Fमें महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत की सुश्री मनु भाकर ने कांस्य पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। वे शूटिंग स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उनकी इस सफलता से पूरे देश में उत्साह और उमंग का वातावरण बन गया है।

मैं इस सदन की ओर से तथा स्वयं अपनी ओर से सुश्री मनु भाकर को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देता हूँ। हम पेरिस ओलंपिक्स में भाग ले रहे अपने अन्य खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएँ देते हैं तथा आशा करते हैं कि वे भी अपने शानदार प्रदर्शन से इन खेलों में देश के मान और सम्मान में वृद्धि करेंगे।

? (व्यवधान)

डॉ. शशि थरूर (तिरुवनन्तपुरम) : स्पीकर सर, जिस समय यह अच्छी विजय हुई, उसी वक्त तीन विद्यार्थियों की दिल्ली में मृत्यु हुई है।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, इस को विषय शून्य काल में लेंगे।

? (व्यवधान)

सुश्री बाँसुरी स्वराज (नई दिल्ली) : अध्यक्ष जी, यह घटना मेरे क्षेत्र की है। ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आपको इस विषय पर शून्य काल में बोलने का मौका देंगे। यह आपके क्षेत्र का विषय है, इसलिए आपको प्राथमिकता देंगे।

? (व्यवधान)